26 korba-pg1_Layout 1 4/26/2025 11:38 PM Page 1


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 सड़क पर उतरा मुस्लिम समाज, कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का जताया विरोध



# जल जीवन मिशन के बाद भी हैंडपंप ही हैं पेयजल के मिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जल जीवन मिशन योजना से पाइप लाइन बिछने और पानी टंकी का निर्माण के बाद भी 11 हजार हैंडपंप ही इस भीषण गर्मी में ग्रामीण अंचलों में लोगों की प्यास बुझाने के लिए एक मिशन के तौर पर काम कर रहे हैं। इन हैंडपंपों के सुधार के लिए पीएचई विभाग ने पांच मोबाइल टीम का गठन भी किया है जो तत्काल मरम्मत का कार्य कर रही है।

अलग खबर

जिले के 14 लाख से अधिक आबादी की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं लागू हैं जिनमें नल जल योजनाएं, बोरवेल, हैंडपंप, कुएं, तालाब और डबरी। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिले में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत हेतु पांच विशेष मोबाइल टीमों का गठन किया है। सूचना मिलते ही ये टीमें त्वरित मरम्मत कार्य में लग जाती हैं। पीएचईडी का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति न बनने देना है। इसके लिए विभाग ने जल आपूर्ति तंत्र को और अधिक दुरुस्त किया है। विभाग के अधीन संचालित जल योजनाओं की नियमित निगरानी की जा रही है। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के कई क्षेत्रों को लाभ मिला है और शेष क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। पीएचई के कार्यपालन अभियंता रमन उरांव ने बताया कि जिले के पांच विकासखंडों में कुल 11 हजार हैंडपंप लगे हुए हैं, जिनके माध्यम से लोगों को पानी मिल रहा है। वर्तमान में 96 हैंडपंपों में तकनीकी समस्याएं दर्ज की गई हैं। इनकी मरम्मत के लिए गठित पांच मोबाइल यूनिट में तकनीकी कर्मचारी शामिल हैं, जो सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचकर सुधार कार्य करते हैं। कार्यपालन अभियंता ने यह भी बताया कि विभाग की प्राथमिकता जिले के हर व्यक्ति तक शुद्ध और पर्याप्त जल पहुंचाना है। इसके लिए लगातार प्रयास जारी हैं। पिछले वर्षों में कुछ गांवों को ग्रुप जल योजना से जोडने के प्रस्ताव बनाए गए थे, जिन पर जल्द ही कार्य शुरू होने की संभावना है।

## जिले के 11 हजार हैंडपंप बुझा रहे लोगों की प्यास

**खास बातें**
- बिगड़े हैंडपंप को सुधारने पांच मोबाइल टीम गठित
- जल जीवन मिशन से अभी भी गामीण अंचलों में नहीं मिल रहा पानी



### शहरी क्षेत्रों में निकायों और उपक्रमों की जिम्मेदारी

जिले के शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति की जिम्मेदारी विभिन्न नगरीय निकायों और औद्योगिक उपक्रमों को सौंपी गई है। नगर निगम शहर में जल आपूर्ति कर रहा है, जबकि एनटीपीसी, एसईसीएल, इंडियन ऑयल और छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए अलग जल आपूर्ति व्यवस्था बनाई है। नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, नगर पंचायत छुरीकला और पाली भी अपने क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकरों से जल आपूर्ति की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में चलाया जा रहा यातायात जागरूकता अभियान

**कोरबा।** यात्रा जागरूकता के साथ सडक सुरक्षा और नशा मुक्ति पर काम का जारी है। राष्ट्रीय सेवा योजना और यातायात पुलिस की ओर से स्थानीय महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला संगठन प्रोफेसर तिवारी सहायक निरीक्षक मनोज राठौर मुकुटधर पांडे कॉलेज के डॉ. शिवदयाल पटेल की उपस्थिति में आवश्यक जानकारी दी गई। छात्राओं ने इस अवसर पर जागरूकता और नशा मुक्ति के संबंध में चित्र बनाए। सडक सुरक्षा और नशा मुक्ति को लेकर लोगों को लगातार जानकारी दी जा रही है। यातायात पुलिस में इसी कड़ी में एक कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शिखा शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ.दिनेश श्रीवास और आभार प्रदर्शन अजय पटेल ने किया। कार्यक्रम में यातायात पुलिस के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से बताया कि ट्रैफिक नियम क्या है और हमारे लिए क्यों जरूरी हैं।

### स्नेह सम्मेलन व लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन आज

**कोरबा।** कन्नौजिया राठौर समाज कोरबा रिक्षेत्र द्वारा 27 अप्रैल को सामुदायिक भवन मैगजिन भाटा दादर रोड रविशंकर नगर में स्नेह सम्मेलन सह जनप्रतिनिधि सम्मान व लोकार्पण कार्यकम आयोजित किया गया है। कार्यकम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, विशिष्ट अतिथि द्वय महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति में आयोजत किया जाएगा। इस अवसर पर रगारंग कायेकम का आयोजन समाज द्वारा किया जाएगा। कन्नौजिया राठौर समाज ने स्वजातिय परिवारों से कार्यकम में शामिल होने आग्रह किया है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 30 को

**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर श्वेता नर्सिंग होम पावर हाउस रोड कोरबा में 30 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। साथ ही श्वेता नर्सिंग होम कोरबा के द्वारा फ्री ओपीडी निशल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। मारवाडी युवा मच जागृति शाखा कोरबा के अध्यक्ष दुर्गा बजाज ने सभी से आग्रह किया है कि अक्षय तृतीया के दिन रक्तदान कर अक्षय पुण्य के भागी बने।

### संविधान दिवस पखवाड़ा में लोगों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी, कटघोरा मंडल द्वारा संविधान दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय कार्यक्रम स्थल पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के उन प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित करना था, जिन्होंने समाज सेवा, शिक्षा, पत्रकारिता और वित्तीय क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज को प्रेरित किया है। कार्यक्रम की गरिमा भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, मंडल अध्यक्ष भाजपा कटघोरा अभिषेक गर्ग, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा समजीत सिंह, संविधान दिवस पखवाड़ा के सह संयोजक डेक्रांत देवांगन, मंडल महामंत्री डाकेश्वर शुक्ला एवं राजेंद्र टंडन, पार्षद राजू दास महंत, सुनील महंत, देवेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बढ़ाई। समारोह में 6 विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके कार्यक्षेत्र में दीर्घकालिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता, सम्मान और संविधान के मूल्यों की भावना को मजबूती प्रदान की।

## समायोजन की आड़ में दुकानों को संचालित करने का चल रहा था खेल

# एक से अधिक पीडीएस दुकान चलाने वाले समूह और उपभोक्ता भंडारों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समायोजन के आड़ में पीडीएस दुकान का संचालन करने वाले प्राथमिक उपभोक्ता भंडार और स्व सहायता समूहों पर अब गाज गिरने जा रही है। पिछले लंबे समय से ऐसे समूह और उपभोक्ता भंडार एक से अधिक पीडीएस दुकानों का संचालन कर खाद्य सामग्री में हेरा फेरी का खेल खेल रहे थे।

स्व सहायता समूहों और प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार एवं ग्राम पंचायतों के द्वारा पीडीएस दुकान का संचालन जिले में किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी खामियां प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार और महिला स्व सहायता समूह के संचालन में सामने आई है। जिनके द्वारा एक से अधिक पीडीएस दुकान का संचालन पिछले लंबे समय से किया जा रहा है। जिनके खिलाफ शिकायत होने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई बड़ी कार्यवाही नहीं होने के कारण खाद्यान्न सामग्रियों की हेराफेरी नहीं रुक रही है और लगातार शिकायतों का दौर जिला मुख्यालय तक पहुंच रहा था। जानकारी के अनुसार जिले में 30 महिला स्व सहायता समूह एवं 15 सहकारी उपभोक्ता भंडार ऐसे मिले हैं जिनके अंतर्गत एक से अधिक पीडीएस दुकानें संचालित हो रही हैं।

**खास बात**
- खाद्य विभाग ने ऐसे स्व सहायता समूह और उपभोक्ता भंडारों की तैयार की है सूची




फाइल फोटो

### आवेदन पड़े हैं विभाग में लंबित

कई ऐसे महिला स्व सहायता समूह है जिनके द्वारा पीडीएस दुकान संचालन के लिए खाद्य विभाग को आवेदन दिए गए हैं और विभाग ने आवेदन मांगे भी थे लेकिन आज तक उन महिला स्व सहायता समूह के आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। परिणाम स्वरुप आज तक नई पीडीएस दुकानों का आबंटन आवेदन देने वाले समूहों को नहीं किया गया।

### 15 सौ से अधिक कार्ड एक दुकान में

शहर के अंदर ही कई ऐसे प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार है जो दो वार्डों के दुकानों का संचालन कर रहे हैं और उनके अंतर्गत 15 सौ से लेकर 2 हजार राशनकार्ड हितग्राही आते हैं एक दुकान से इतनी अधिक राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण करना और वह भी महज 15 दिन में इससे वितरण व्यवस्था पर ही सवाल खड़े होते हैं। पूर्व में 15 सौ से अधिक राशनकार्ड वाले दुकानों को दो भागों में विभाजित करने की योजना आई थी लेकिन वह भी धरी की धरी रह गई।

# गोपाल मोदी बने भाजपा संगठन के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गोपाल मोदी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने कोरबा जिला संगठन में एक बड़ा फेरबदल करते हुए जिला कोषाध्यक्ष रहे गोपाल मोदी को संगठन का जिलाध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी है। श्री मोदी, मनोज शर्मा का स्थान लेंगे। श्री शर्मा का जिलाध्यक्ष का कार्यकाल लगभग 3 माह का रहा है।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद भाजपा प्रदेश संगठन ने कुछ जिलों के जिला अध्यक्ष को बदलने की रणनीति तैयार की गई है। इसी कड़ी में कोरबा के जिला अध्यक्ष रहे मनोज शर्मा को हटाते हुए उनकी जगह संगठन के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे गोपाल मोदी को संगठन का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। लगातार दो कार्यकाल में श्री मोदी जिला संगठन के विभिन्न पदों पर रहें हैं। पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह के कार्यकाल में श्री मोदी जिला कार्य समिति के सदस्य थे तथा मनोज शर्मा के कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संभाल रहे थे। इसके अलावा गोपाल मोदी अग्रवाल सभा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। जैसे ही यह खबर शनिवार शाम संगठन के कार्यकर्ताओं को लगी श्री मोदी के निवास में बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं का तांता लग गया। उनकी नियुक्ति के बाद जिले में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मनोज शर्मा अपने दो वर्षीय कार्यकाल को पूरा नहीं करने वाले दूसरे भाजपा जिला अध्यक्ष हैं। इसके पूर्व राजकुमार अग्रवाल को भी अपना कार्यकाल के पूरा होने के पहले ही किन्हीं कारणों से जिलाध्यक्ष पद से त्याग पत्र देना पड़ा था।

**खास बात**
- तीन महीने का कार्यकाल रहा पूर्व जिला अध्यक्ष शर्मा का

# प्राचीन स्थल के प्रतिबंधित क्षेत्र में डंप राखड़ से स्थल को हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली ब्लॉक के ऐतिहासिक शिव मंदिर के प्रतिबंधित क्षेत्र में राखड़ डंप किए जाने से प्राचीन स्मारक को नुकसान पहुंचने का खतरा खड़ा हो गया है। अब तक विभाग ने इसपर रोक लगाने के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

राजकीय सुरक्षित घोषित क्षेत्र, पुरास्थल, स्मारक, पुरावशेष स्थल के निर्धारित दायरे के भीतर पुरातत्व संरक्षण विभाग के बिना अनुमति किसी भी प्रकार के निर्माण अथवा अन्य निजी कार्य निषिद्ध है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में स्थित प्राचीन स्मारकों, पुरातत्व स्थलों और अवशेषों का बचाव करना है। उक्त अधिनियम के अनुसार ऐसे पुरातात्विक स्थलों को किसी भी प्रकार से नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। जिसमें पाली का ऐतिहासिक शिवमंदिर भी समाहित है लेकिन पिछले कुछ दिनों से देखने में आ रहा है कि बिना पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से अनुमति प्राप्त किये ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सुरक्षित घोषित पुरास्थल के दायरे में निर्माण कार्य के तहत राखड़ डंप का कार्य कराया जा रहा है। जिसके उड़ने से प्राचीन मंदिर को नुकसान पहुंच रहा है। जिस पर रोक लगाने विभाग गंभीर दिखाई नही दे रहा है। 11वीं शताब्दी का शिवमंदिर जो कि प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। साथ ही यह पुरातात्विक धरोहर ही नहीं, अपितु धार्मिक, तीर्थाटन व पर्यटन का जीवंत केंद्र भी है। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण में होने और मंदिर के पुरातत्व स्वरूप को कोई क्षति न हो इसके लिए 100 मीटर के निषिद्ध क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार के निजी निर्माण की अनुमति नहीं है, बावजूद इसके बीते कुछ दिनों से पुरास्थल से महज 20 मीटर के दायरे में निजी निर्माण कार्य के तहत राखड़ डंप का कार्य कराते हुए नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है।

**खास बातें**
- पाली शिव मंदिर के सौ मीटर के क्षेत्र में पुरातात्विक विभाग ने लगाया है प्रतिबंध
- बिना अनुमति राखड़ डंप किए जाने का है मामला



शिव मंदिर के समीप किया गया राखड का डंप।

# एसईसीएल में 12 नए इलेक्ट्रिक वाहनों की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय के रोड परिवहन बेड़े में शनिवार को 12 नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को शामिल किया गया। इसके लिए मुख्यालय बिलासपुर में आयोजित समारोह में शनिवार को एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन द्वारा, एन फ्रैंकलिन जयकुमार निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एवं हिमांशु जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी विभागाध्यक्षों, अधिकारी- कर्मचारी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इलेक्ट्रिक वाहनों को तीन वर्षों की अवधि के लिए किराए पर लिया गया है और इन्हें एसईसीएल मुख्यालय में तैनात किया जाएगा। यह पहल एसईसीएल द्वारा अपने मुख्यालय एवं परिचालन क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तक एसईसीएल में कुल 48 इलेक्ट्रिक वाहन लगाए जा चुके हैं और इन 12 नए वाहनों के शामिल होने से यह संख्या बढ़कर 60 हो गई है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इलेक्ट्रिक वाहन कार्बन उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता में सुधार लाने तथा जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को घटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह पहल एसईसीएल की दीर्घकालिक सतत विकास रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। इस दौरान एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कहा है कि एसईसीएल में इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत हमारे परिचालन को अधिक हरित और सतत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। एक उत्तरदायी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के रूप में हम पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाकर एक सकारात्मक उदाहरण स्थापित करना चाहते हैं। इन वाहनों की को केन्द्र सरकार के गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से अनुबंधित किया गया है।



इलेक्ट्रिक वाहन।

## ब्लास्टिंग से आमगांव दर्राखांचा केमकानों को पहुंच रहा नुकसान

# दीपका कोयला खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-पश्चिम क्षेत्र दीपका कोयला खदान से सटे ग्राम आमगांव दर्रा खांचा के लोगों में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खदान में हुई हैवी ब्लास्टिंग के बाद भारी पत्थर उड़कर ग्राम में आ गिरे। इन पत्थरों की चपेट में आकर कुछ घरों को नुकसान भी पहुंचा है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

ग्रामीण राजू राठौर ने बताया कि ब्लास्टिंग के दौरान एक बड़ा पत्थर उनके घर के अंदर आ गिरा, जबकि परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों के अनुसार, दीपका खदान में इस तरह की हैवी ब्लास्टिंग अब रोजमर्रा का हिस्सा बन गई है। आमतौर पर लोग ब्लास्टिंग के समय घरों से बाहर चले जाते हैं, लेकिन अचानक हुई ब्लास्टिंग के कारण परिवार घर के अंदर ही था। घटना की सूचना तत्काल एसईसीएल दीपका प्रबंधन को दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पत्थर काफी दूर तक उड़े और कई मकानों की छतों को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा ग्राम से महज 20 मीटर की दूरी पर खदान का दायरा बढ़ता जा रहा है, जिससे खतरा और भी बढ़ गया है। उल्लेखनीय हैं की दीपका खदान प्रबंधन ने ग्राम के अधिकांश प्रभावितों को मुआवजा दे दिया है, लेकिन अभी भी कई लोग ऐसे हैं जिन्हें न तो मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। यही कारण है कि ग्राम के कई परिवार आज भी खतरे के साए में रहने मजबूर हैं। हादसे के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। परिजन और ग्रामीण बार-बार यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक लोग इस तरह वन्यजीवों के हमले में अपनी जान गंवाते रहेंगे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया था। पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।



खदान में हैवी ब्लॉस्टिंग से उठता धूल का गुबार।

# महिला तहसीलदार के साथ अभद्रता, अधिवक्ता हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा तहसील में पदस्थ महिला तहसीलदार के साथ एक अधिवक्ता द्वारा अभद्रतापूर्वक व्यवहार करने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता सुधीर मिश्रा जो कि अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं, पर आरोप है कि उन्होंने तहसील कार्यालय में गाली देते हुए हंगामा मचाया।

महिला तहसीलदार द्वारा उन्हें समझाइश देने के बावजूद अधिवक्ता नहीं माने और उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया। अन्य राजस्व कर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हाथापाई भी की। कटघोरा एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व राजस्व अधिकारी थाना पहुंचे और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अधिवक्ता को हिरासत में ले लिया है और उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि अधिवक्ता नशे की हालत में थे। यह घटना राजस्व अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच चर्चा का विषय बन गई है। इससे पहले भी अधिवक्ता सुधीर मिश्रा पर मारपीट और गाली-गलौज के आरोप लग चुके हैं और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

26 korba-pg2_Layout 1 4/26/2025 11:46 PM Page 1



# सोने में तेजी से गोल्ड ईटीएफ का चला जादू, चौंका रहा रिटर्न

● रिटर्न देने में एसआईपी को भी पीछे छोड़ा ● सोने के ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को भी पछाड़ा ● एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में 54.35% का रिटर्न मिला ● गोल्ड ईटीएफ में मार्च में मुनाफा वसूली देखी गई

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

सोने में आई तेजी ने कई फंड में भी तेजी ला दी है। पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को काफी पीछे छोड़ दिया है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में सोने में और तेजी बनी रह सकती है। वहीं, कुछ जानकारों के मुताबिक इसकी कीमत में कुछ गिरावट की भी उम्मीद है। अगर आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं तो अच्छे रिटर्न के लिए आपको अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सोने में तेजी से इससे जुड़े फंड ने अच्छा रिटर्न दिया है। सोने की कीमतें इस समय एक लाख के आसपास चल रही है। मंगलवार को तो 1800 रुपये का उछाल आया और 10 ग्राम सोना 1 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निवेशकों को चमका दिया है। यानी निवेशकों को भरपूर रिटर्न मिल रहा है। ऐसे में निवेशक अब सोने की तरफ अग्रेसित हो रहे हैं।




## क्या है गोल्ड ईटीएफ

गोल्ड ईटीएफ एक ऐसी एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है, जिसमें सोने की कीमत को ट्रैक करने के लिए निवेश किया जाता है। यह एक ऐसी संपत्ति है जो सोने की कीमत के साथ बदलती है, जैसे कि अगर सोने की कीमत बढ़ती है, तो गोल्ड ईटीएफ की कीमत भी बढ़ेगी। यह भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन उसे शारीरिक रूप से रखने की आवश्यकता नहीं होती है। यह निवेशकों को सोने में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है बिना भौतिक सोना खरीदने की आवश्यकता के।

## सोने में निवेश करने के ये भी ऑप्शन

- **सोने के सिक्के या बार** : सोने के सिक्के या बार खरीदना एक पारंपरिक तरीका है।
- **सोने के जेवर**: सोने के जेवर भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स** : गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स के फायदे**: गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **सोने के शेयर**: सोने के शेयरों में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **सोने के शेयरों के फायदे**: सोने के शेयरों में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म**: जैसे कि पेटीएम गोल्ड, गोल्डबाज़ार, आदि पर सोने में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर सोने में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।

## यह मिलता रिटर्न

अगर किसी ने एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में हर महीने 10,000 रुपये का एसआईपी किया होता, तो उसे एक साल में 54.35% का रिटर्न मिलता। वहीं, एसबीआई निफ्टी 50 ईटीएफ में इतना ही निवेश करने पर सिर्फ 2.93% रिटर्न मिलता। अन्य 16 गोल्ड ईटीएफ ने पिछले एक साल में 48.32% से 54.85% तक का रिटर्न दिया है। एक्सिस गोल्ड ईटीएफ ने 54.85% और निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड ने 48.32% का रिटर्न दिया है।

## बाकी ईटीएफ का क्या हाल

15 निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% से 3.03% तक का रिटर्न दिया। इनमें क्वांटम निफ्टी 50 ईटीएफ एफओएफ ने 3.03% और इनवेस्को इंडिया निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% का रिटर्न दिया। बाजार के जानकारों का मानना है कि सोने में उतार-चढ़ाव अभी जारी रहेगा। जोखिम उठाने वाले निवेशक इस तेजी का फायदा उठा सकते हैं, जबकि सावधानी बरतने वाले निवेशक गिरावट का इंतजार कर सकते हैं।

## आगे मजबूती या गिरावट

एक अन्य फर्म का कहना है कि कि सोने की कीमतें अगले कुछ महीनों में मजबूत बनी रह सकती है। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदना, ब्याज दरों में कमी की उम्मीद, डॉलर का कमजोर होना, महंगाई, आर्थिक अनिश्चितता (टैरिफ से जुड़े जोखिम सहित) और ईटीएफ में निवेश बढ़ने से सोने की कीमतों को सहारा मिल रहा है। फंड हाउस ने आगे कहा, हालांकि थोड़े समय के लिए कीमतों में गिरावट आ सकती है, लेकिन लंबे समय के लिए सोने की कीमतें मजबूत रहने के संकेत है। एएमएफआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में गोल्ड ईटीएफ से 77 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि फरवरी में 1,979 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, लेकिन वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 14,852 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले 183% अधिक है। मार्च में गोल्ड ईटीएफ में उलटफेर देखने को मिला, जिसमे फरवरी के 1,979.84 करोड़ रुपये के निवेश के मुकाबले 77.21 करोड़ रुपये की निकासी हुई। ये मुनाफा वसूली के लिए हुआ।

## मुख्य विशेषताएं

1. **सोने की कीमत के साथ जुड़ा** : गोल्ड ईटीएफ की कीमत सोने की कीमत के साथ जुड़ी होती है, इसलिए निवेशकों को सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव का लाभ मिल सकता है।
2. **एक्सचेंज पर ट्रेडिंग** : गोल्ड ईटीएफ को स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड किया जा सकता है, जैसे कि शेयर।
3. **लिक्विडिटी** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से निवेशकों को लिक्विडिटी का लाभ मिलता है, क्योंकि वे अपने निवेश को आसानी से बेच सकते हैं।
4. **पारदर्शिता** : गोल्ड ईटीएफ की कीमतें और होल्डिंग्स पारदर्शी होती हैं, जिससे निवेशकों को अपने निवेश के बारे में जानकारी मिलती है।

## ऐसे करता है काम

- **भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व** : गोल्ड ईटीएफ एक यूनिट के रूप में भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करते हैं, आमतौर पर एक ग्राम सोने के बराबर।
- **स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार** : इन फंड्स को शेयर बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है, जैसे कि अन्य स्टॉक।
- **निवेश का सरल तरीका** : यह सोने में निवेश करने का एक आसान और सुलभ तरीका है, क्योंकि भौतिक सोना खरीदने, रखने और सुरक्षित करने की तुलना में यह सरल है।
- **कम अस्थिरता** : गोल्ड ईटीएफ, इक्विटी की तुलना में कम अस्थिर होते हैं।
- **सुरक्षा** : भौतिक सोने के रूप में, यह मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ एक बचाव के रूप में काम कर सकता है।
- **निवेश** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए, आपको एक डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलना होगा। इसके बाद आप अपनी निवेश की यात्रा शुरू कर सकते हैं और समय आने पर बढ़िया मुनाफा भी कमा सकते हैं। निवेश का लंबा लक्ष्य बनाकर चलें।



# कुछ टिप्स अपनाएं और घटाएं होम लोन की ईएमआई का बोझ

सुझाव

बिजनेस डेस्क

**कुछ आसान से तरीके आपकी परेशानी को कर सकते हैं कम ● लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं ● मकान खरीदने के लिए अधिक से अधिक डाउन पेमेंट करें ● अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर कम ब्याज दर पर लोन मिलता है**

हर किसी का मन होता है कि अपने सपनों का घर खरीदे, लेकिन इस महंगाई के जमाने में शहरी इलाकों में घर लेना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग होम लोन का सहारा लेते हैं और होम लोन की ईएमआई हर महीने भरना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। होम लोन एक प्रकार का ऋण है जो व्यक्तियों को घर खरीदने या बनाने के लिए प्रदान किया जाता है। यह ऋण आमतौर पर बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है और इसकी अदायगी कई वर्षों में की जाती है। अगर आप होम लोने के बोझ को कम करना चाहते हैं, तो कुछ आसान टिप्स को अपनाकर राहत पा सकते हैं। हालांकि होम लोन लेने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने वित्तीय स्थिति और ऋण की शर्तों को ध्यान से समझें और अपने निर्णय के बारे में सुनिश्चित हों।

### डाउन पेमेंट का रखें ध्यान

जब आप घर खरीदते हैं, तो जितना अधिक पैसा शुरू में डाउन पेमेंट के लिए देंगे, उतना ही कम लोन की ईएमआई देना पड़ेगा। कम लोन ईएमआई का मतलब आपको कम ब्याज भी देना होगा। इसलिए, कोशिश करें कि शुरुआत में ही ज्यादा से ज्यादा रकम जमा करें।

### लोन की अवधि बढ़ाएं

अगर आपकी मंथली सैलरी कम है, तो आप लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं। हालांकि, इससे कुल ब्याज बढ़ सकता है, लेकिन मासिक किस्तें कम हो जाएंगी, जिससे आपकी जेब पर कम दबाव पड़ेगा।

### समय-समय पर प्री-पेमेंट करें

अगर आपको बोनस, टैक्स रिफंड या कोई और अतिरिक्त आय मिलती है, तो उसका यूज करके लोन का कुछ हिस्सा पहले चुकाने में करें। इससे आपका मूलधन कम होगा और ब्याज में भी बचत होगी।

### बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाएं

अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर बैंक आपको कम ब्याज दर पर लोन देते हैं। इसके लिए समय पर बिल और लोन की किश्तें चुकाएं और साथ ही, क्रेडिट कार्ड का सही इस्तेमाल करें और कर्ज के जाल से खुल को बचाएं।

### बैंक बदलने का भी है ऑप्शन

अगर किसी और बैंक में कम ब्याज दर पर लोन मिल रहा है, तो आप अपने लोन को वहां ट्रांसफर कर सकते हैं। हालांकि, इससे पहले सभी शर्तों और चार्जेस की जानकारी जरूर लें।

### फ्लोटिंग रेट लोन चुनें

फ्लोटिंग रेट लोन में ब्याज दर बाजार के अनुसार बदलती रहती है। अगर बाजार में ब्याज दरें कम होती हैं, तो आपकी ईएमआई भी कम हो सकती है। हालांकि, इसमें जोखिम भी होता है, क्योंकि दरें बढ़ भी सकती हैं।

### ईएमआई अमाउंट बढ़ाएं

अगर आपकी आय बढ़ी है, तो आप अपनी ईएमआई बढ़ाकर लोन जल्दी चुका सकते हैं। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और आप जल्दी कर्ज मुक्त हो जाएंगे।

### म्यूचुअल फंड में निवेश करें

अगर आप नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो कुछ सालों में एक अच्छी राशि जमा हो सकती है। इस राशि का उपयोग लोन का प्री-पेमेंट करने में किया जा सकता है, जिससे लोन की अवधि और ब्याज दोनों कम होंगे।

### लोन की अवधि कम करें

अगर आप थोड़ी अधिक ईएमआई दे सकते हैं, तो लोन की अवधि कम रखें। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और जल्दी ही कर्ज खत्म हो जाएगा।

### होम लोन की विशेषताएं

- लंबी अवधि : होम लोन की अवधि आमतौर पर 10 से 30 वर्षों तक होती है, जिससे आप अपने ऋण को धीरे-धीरे चुका सकते हैं।
- ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।
- सुरक्षा : होम लोन के लिए घर ही सुरक्षा के रूप में कार्य करता है, जिसका अर्थ है कि यदि आप ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

### होम लोन के कुछ फायदे

- घर खरीदने में मदद : होम लोन आपको घर खरीदने में मदद कर सकता है जो आपके लिए एक महत्वपूर्ण निवेश हो सकता है।
- लंबी अवधि : होम लोन की लंबी अवधि आपको अपने ऋण को धीरे-धीरे चुकाने में मदद कर सकती है।
- कम ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।

### होम लोन के कुछ नुकसान

- ब्याज का भुगतान : होम लोन पर आपको ब्याज का भुगतान करना होता है, जो आपके ऋण की कुल राशि को बढ़ा सकता है।
- जुर्माना : यदि आप अपने ऋण का भुगतान समय पर नहीं करते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।
- घर की जब्ती : यदि आप अपने ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

# स्वीप-इन-एफडी, जब जरूरत हो निकालें रुपये व ब्याज भी बढ़िया

*स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर किया जाता है, इसमें ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है, ब्याज निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है*

जानकारी

बिजनेस डेस्क

अगर बात निवेश की आती है तो ट्रेडिशनल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। एफडी की बात करें तो यह सेविंग्स अकाउंट से अधिक या तकरीबन डबल ब्याज देता है। बैंकों के सेविंग्स अकाउंट पर जहां 3.5 से 4 फीसदी सालाना के हिसाब से ब्याज मिल रहा है, वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7 से 8 फीसदी ब्याज दर है। हालांकि एफडी में एक तय समय के लिए पैसा ब्लॉक हो जाने से तुरंत लिक्विडिटी की सुविधा नहीं मिलती है। इस वजह से बहुत से लोग सेविंग्स अकाउंट में पैसे पड़े रहने देते हैं। लेकिन अगर आप लिक्विडिटी के साथ हाई इंटरेस्ट रेट चाहते हैं तो आपके लिए स्वीप इन एफडी बेहद काम आ सकती है। स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें एफडी के बराबर ब्याज मिलता है। एफडी की स्वीप-इन सुविधा निवेशक को बैंक खाते में अतिरिक्त धनराशि को एफडी अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। कहने का मतलब है कि स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यानी यह एक प्रकार का फिक्स्ड डिपॉजिट है जो निवेशकों को अपने बचत खाते से अतिरिक्त धनराशि को आटोमैटिक रूप से एफडी खाते में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। इसमें जहां एफडी के बराबर ब्याज मिलता है, वहीं इमरजेंसी में भी तुरंत आप अपने फंड तक पहुंच सकते हैं।

### तय करनी होती है लिमिट

स्वीप-इन-एफडी के लिए आपको पहले अपने अकाउंट के लिए एक थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करनी होगी। इस लिमिट से ज्यादा पैसे एक्स्ट्रा पैसे माने जाएंगे। वैसे तो बैंक ही स्वीप थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करना है, लेकिन अकाउंट होल्डर को जरूरत के हिसाब से इसे कस्टमाइज करने का विकल्प भी देता है। यह वह लिमिट होती है, जिससे अधिक पैसे होने पर वह अमाउंट खुद ही एफडी अकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह से आपने जो लिमिट तय की है, उसे इमरजेंसी फंड के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, वहीं एक्स्ट्रा फंड पर आपको एफडी वाला ब्याज मिलने लगेगा।

### अवधि और कम से कम निवेश


स्वीप इन एफडी की अवधि 1 साल से 5 साल की होती है। वहीं, बैंक आम तौर पर बचत खाते से स्वीप-इन एफडी में 1 हजार रुपये के मल्टीपल में रकम ट्रांसफर करते हैं। कुछ बैंक निवेशकों के निर्देश के अनुसार 1 रुपये से 1000 रुपये की रेंज में ट्रांसफर की भी अनुमति देते हैं।

### कितनी है ब्याज दर

स्वीप-इन एफडी खाते के लिए ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है। यह निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है। जैसे एफडी में अलग-अलग अवधि के लिए अलग अलग ब्याज दरें तय होती हैं।

### बैंकों में अलग अलग ब्याज दर

| बैंक | ब्याज दर |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.75%-7.00% |
| एसबीआईः | 4.75%-6.50% |
| एचडीएफसी | 4.50%-7.00% |
| आईसीआईसीआई | 4.50%-6.90% |
| केनरा बैंक | 5.50%-6.70% |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 5.50%-6.50% |
| पीएनबी | 4.50%-6.50% |
| आईडीबीआई | 4.50%-4.80% |
| इंडियन बैंक | 3-50%-6.10% |
| यस बैंक | 4.75%-7.00% |
| डाकघर | 6.90%-7.50% |
| आरबीएल | 4.75%-7.00% |
| आईडीएफसी | 4.50%-7.00% |




### पैसे निकालने का क्या है नियम

आम तौर पर स्वीप-इन एफडी अपनी मैच्योरिटी से पहले आपके स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते समय लास्ट इन फर्स्ट आउट (एलआईएफओ) मेथड का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि अगर आपके बैंक बचत खाते में बैलेंस चेक या एसआईपी के भुगतान के लिए जरूरी धनराशि से कम है, तो एलआईएफओ मेथड का उपयोग करके स्वीप-इन एफडी से राशि निकाल ली जाती है। यानी स्वीप-इन एफडी आपको आकर्षक ब्याज दर के साथ हाई लेवल की लिक्विडिटी भी प्रदान करता है। अगर आप अक्सर स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते हैं, तो निकाली गई राशि पर उतना ही ब्याज मिलेगा, जितने दिन वह निवेश रहा है। स्वीप-इन सुविधा के माध्यम से एफडी में निवेश की गई अतिरिक्त राशि को पूरी एफडी तोड़े बिना निकाला जा सकता है। साथ ही, बैंक एफडी से स्वेप्ट-इन पैसा निकालने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा।

# दंपति के लिए खास स्कीम, हर साल एक लाख से ज्यादा होगी इनकम

पोस्ट ऑफिस एमआईएस में वन टाइम करना होगा डिपॉजिट ● सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट के जरिए 15 लाख तक जमा कर सकते हैं जमा

*पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम में अकाउंट खोलने के लिए कम से कम 1000 रुपये निवेश जरूरी, जिसके बाद 1000 रुपये के मल्टीपल में जमा हो सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट में अधिकतम 9 लाख रुपये और ज्वॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। ज्वाइंट अकाउंट में हर होल्डर का निवेश में बराबर हिस्सा होता है। इसमें बेनीफिट भी अच्छा मिलता है। यह स्कीम आपके भविष्य के लिए बेहतर हो सकती है।*

रिटर्न

बिजनेस डेस्क

अगर आप शादीशुदा हैं और रेगुलर इनकम के लिए किसी अच्छी स्कीम की तलाश में हैं तो ध्यान दें। आप सरकारी स्कीम की तरह एक ज्वॉइंट अकाउंट खुलवाकर कर साल 1 लाख 10 हजार रुपये (1.10 लाख रुपये) की इनकम कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) के बारे में। आकर्षक ब्याज दरों के साथ, पोस्ट ऑफिस का यह मंथली इनकम अकाउंट निवेश के लिए एक सुरक्षित विकल्प है। इस स्कीम में वन टाइम डिपॉजिट करने पर रेगुलर इनकम का लाभ मिलता रहता है।

### ब्याज दर 7.4% सालाना

पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम अकांट पर मौजूदा ब्याज दर 7.4 फीसदी सालाना है। इसमें अब सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट अकाउंट के जरिए अधिकतम 15 लाख रुपये जमा किए जा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट सरकार द्वारा समर्थित स्मॉल सेविंग्स स्कीम है, जहां गारंटीड रिटर्न मिलता है। पोस्ट ऑफिस की योजना है तो इसमें 100 फीसदी सुरक्षा की गारंटी है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ ही स्पाउस के साथ मिलकर ज्वॉइंट अकाउंट खोलने की भी सुविधा है।

### हर माह कितनी आएगी रकम

**ज्वाइंट अकाउंट में**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- ज्वॉइंट अकाउंट से अधिकतम निवेशः 15 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 1,11,000 रुपये
- मंथली ब्याजः 9250 रुपये

**अगर सिंगल अकाउंट हो तो**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- सिंगल अकाउंट से अधिकतम निवेशः 9 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 66,600 रुपये
- मंथली ब्याजः 5550 रुपये




### मैच्योरिटी के बाद एक्सटेंड कर सकेगे

इस स्माल सेविंग्स स्कीम पर 7.4 फीसदी सालाना ब्याज मिल रहा है। इसमें जमा पैसों पर जो भी सालाना ब्याज होता है, उसे 12 हिस्से में बांट दिया जाता है, और वह हर महीने आपके अकाउंट में आएगा। अगर आप मंथली पैसा न निकालें तो वह आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में रहेगी और मूलधन के साथ इस धन को भी जोड़कर आपको आगे ब्याज मिलेगा। इस स्कीम की मैच्योरिटी 5 साल है, लेकिन 5 साल बाद नए ब्याज दर के हिसाब से इसे आगे बढ़ा सकते हैं।

### क्या है स्कीम के लिए योग्यता

- बालिग के नाम से सिंगल अकाउंट
- ज्वॉइंट अकाउंट (अधिकतम 3 एडल्ट मिलकर) (ज्वॉइंट **A** या ज्वॉइंट **B**)
- माइनर के नाम पर उसका गार्जियन अकाउंट खोल सकता है
- 10 साल का माइनर है तो उसके नाम से

### क्या है पीओएमआइएस

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम यानी पीओएमआइएस में आपको एकमुश्त निवेश करना होता है। उसी पर आपको ब्याज दर का फायदा मिलता है। इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपको 5 सालों तक ब्याज का लाभ मिलता रहता है। मंथली इनकम स्कीम डाकघर की एक छोटी बचत योजना है। इस स्कीम में सिंगल और ज्वाइंट दोनों तरह से अपना खाता खुलवा सकते हैं। इस स्कीम में निवेश करने पर आपको वर्तमान में 7.4 प्रतिशत की ब्याज दर मिल रही है।

## पोड़ी ब्लॉक के ग्राम बचरा पीडीएस दुकान का सामने आया मामला

# ग्रामीणों से मशीन में लिया जा रहा अंगूठे का सैंपल, उसके बाद भी नहीं मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत पचरा ग्राम पंचायत से चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले राशन में अनियमितता पाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें नियमित रूप से चावल नहीं दिया जा रहा, जबकि उनसे अंगूठा लगवाकर उनकी उपस्थिति और राशन प्राप्ति दर्ज की जा रही है।

**खास बात**

- ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच की मांग

ग्रामीणों के अनुसार, जब से राशन वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूह को सौंपा गया है, तब से स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीण बताते हैं कि बीते एक वर्ष से उन्हें सही मात्रा में चावल नहीं दिया जा रहा। स्थिति यह है कि अंगूठा लगवाने के बाद चावल की जगह कभी शक्कर, कभी चना थमा दिया जाता है और चावल के लिए उन्हें हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का यह भी कहना है कि दुकान संचालक शक्कर के दाम तय कीमत से अधिक वसूल रहा है। जब ग्रामीण इस पर आपत्ति जताते हैं और पूछताछ करते हैं तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि चावल बाद में मिलेगा। दुकान संचालक ने बताया कि पूर्व में राशन में कुछ कटौती की गई थी और सोसाइटी द्वारा वसूली दिखाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी वसूली की भरपाई लाभार्थियों से की जा रही है। खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि यदि किसी प्रकार की वसूली दर्शाई गई है, तो उसकी भरपाई हितग्राहियों से नहीं, बल्कि संबंधित दुकान संचालक से की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की शिकायतें गंभीर हैं और यदि ऐसा हो रहा है, तो यह नियमों के विरुद्ध है तथा इसकी जांच कराई जाएगी।



पीडीएस दुकान में राशन लेने पहुंचे हितग्राही।

### संचालक ने कहा कटौती की वसूली हितग्राहियों से की गई

इस मामले में जानकारी यह भी सामने आई है कि पीडीएस दुकान संचालक ने कहा कि पिछले महीने खाद्यान्न सामग्री में कटौती हुई थी जिसकी वसूली हितग्राहियों से की गई है। जबकि खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हितग्राहियों से किसी भी तरह की कोई वसूली नहीं की गई है। जो भी बकाया है और जो वसूली पीडीएस के दुकान के रिकार्ड में सामने आई है उसकी वसूली दुकान संचालक से की जा रही है। अगर हितग्राहियों से संचालक ने वसूली की है तो यह गलत है।

# पं.प्रदीप मिश्रा की कथा में नरेन्द्र होंगे यजमान, जुलाई में होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा आगामी जुलाई माह में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाना है । जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले कोरबा के भक्तों को कथा सुनाएंगे। ऐसा अनुमान लगया जा रहा है कि कथा सुनने 2 लाख से अधिक भक्त कथा स्थल पहुचेंगे। इसी तैयारी को लेकर जिले में 25 अप्रैल को श्री महाकाल भक्त मंडल के द्वारा पार्षद नरेंद्र देवांगन से भेंट कर श्री शिव महापुराण कथा की व्यवस्था और तैयारियों पर विस्तार पूर्वक गहन चर्चा की गई। पार्षद नरेंद्र देवांगन के द्वारा उक्त कार्यक्रम में सक्रिय रूप से कार्य करने एवं प्रशासनिक व्यवस्था के निर्वहन की सहमति प्रदान की गई तथा उन्होंने मुख्य जजमान बनने की स्वीकृति भी प्रदान की। इस दौरान श्री महाकाल भक्त मंडल के अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अमृतलाल गुप्ता, सचिव राजेन्द्र व कोषाध्यक्ष शैलेष शुक्ला उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अखबार वितरक संघ ने की श्रम विभाग से कैंप लगाने की मांग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, जिला सचिव जय कुमार नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर ने श्रम विभाग का कार्यालय जाकर श्रम अधिकारी से दो दिवसीय कैंप लगाने की मांग की है जिसमें लेबर इंस्पेक्टर सरस्वती बंजारे ने बताया कि आवेदन के लिए उम्र कम से कम 18 से ऊपर होना चाहिए। कैंप टीपी नगर में लगाकर बनाया जाएगा और जो भी शासन की योजना के अंतर्गत लाभ मिलेगा और जितने भी अखबार वितरक कार्य करने वाले हितग्राही कार्ड बनवाना ही चाहिए ताकि उसे लाभ मिल सके।

### राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस पर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**कोरबा।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस हर वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इसी कड़ी में बाल्को द्वारा भी अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन किया गया। जिसके तहत डीडीएम पब्लिक स्कूल में बाल्को प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने तीन श्रेणी में भाग लिया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम है श्रेणी पहली से चौथी में प्रथम रुरैबा फतीमा, द्वितीय अदिति शर्मा, तृतीय राज मोदी, श्रेणी 2 पांचवी से सातवीं में प्रथम मानसी साहू, द्वितीय सिद्धि साहू, तृतीय अर्पिता केशरवानी श्रेणी 3 में आठवीं से दसवीं में प्रथम गुंजन पोद्दार, द्वितीय पीयूष मुखर्जी, तृतीय प्रांजल साहू, सभी बच्चों को बाल्को मितान भवन में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष केएन सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर अमर नारायण सिंह एवं विद्यालय की प्राधानाचार्य सुश्री रिंकू बैरागी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्या का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं अपितु व्यवहारिक जीवन के संकटों से जुझने की क्षमता भी प्रदान करना है, अग्निशमन दिवस इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।


### बाल मानस विद्यालय मंदिर का परीक्षा परिणा हुआ घोषित



**कोरबा।** सिंचाई कॉलोनी रामपुर स्थित बाल मानस विद्या मंदिर रामपुर कोरबा में 25 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 10वीं, 8वीं की बोर्ड परीक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम राज्य सरकार द्वारा घोषित करने के उपरांत दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवी की शिक्षिका सुश्री उमा चौहान के द्वारा किया गया। रामपुर वार्ड क्रमांक 37 की पार्षद श्रीमती ममता यादव एवं सहायिका व पार्षद पति केआर यादव उपस्थित रहे। सभी शिक्षक एवं शिक्षकों द्वारा सब की सफलता पर मेहनत के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उनके निरंतर आगे भी कठिन परिश्रम करने की सीख दी गई। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य सुश्री जया मिश्रा ने कक्षा ब में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अंकसूची वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन पार्षद एवं प्राचार्य सुश्री जया मिश्रा द्वारा आशीष वचनों द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया और बच्चों को भावी भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

### प्रेस क्लब में रक्तदान स्वास्थ्य शिविर आज





**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब के दिवंगत सदस्य व अंचल के पत्रकार स्व. स्व रमेश पासवान और स्व. विजय सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ब्लड डोनेशन कैंप और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दोनों ही दिवंगत पत्रकारों की पुण्यतिथि 27 अप्रैल को प्रेस क्लब तिलक भवन में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। ब्लड डोनेशन कैंप में रक्तदान से प्राप्त रक्त को मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन को प्रदान किया जाएगा। कोरबा प्रेस क्लब द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रबंधन, कोरबा और आयुष विभाग, कोरबा के सहयोग से कैंप का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहुंचने वाले सभी लोगों को निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जाएगा।

# एनएचएम की भर्ती प्रक्रिया समय पर नहीं हुई पूरी, विभाग को जारी हुई नोटिस


बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने एनएचएम के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया समय सीमा के अंदर पूरी नहीं होने के मामले में भर्ती प्रक्रिया के प्रभारी अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए समय सीमा के भीतर सभी पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**खास बात**

- सुशासन तिहार के तहत प्राप्तआवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने एनएचएम के भर्ती प्रक्रिया निश्चित समय सीमा में पूर्ण न करने पर संबंधितों के विरूद्ध कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओं को दिए। उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश देते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने को कहा। उन्होंने ने स्वस्थ अमले को निर्देशित किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता से टीबी मुक्त किया जाए। कलेक्टर ने पीवीटीजी बसाहटों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। शिविर में उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण, खून, शुगर, बीपी की जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने आदि जैसे अनेक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभांवित करने के लिए कहा। इन बसाहटों में टीबी मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें दवाइयां, निक्षय मित्रों के माध्यम से तथा टेस्ट का रेशियो पूरा करने की बात कही। उन्होने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राथमिकता से बनायें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराए। कलेक्टर ने शासकीय चिकित्सालयों में वेंडरों के द्वारा सप्लाई की गई चिकित्सा उपकरणों की जांच स्पेशिफिकेशन के अनुसार करने तथा सामग्री के टूट-फूट होन पर उसे वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ उदय शर्मा को निर्देशित किया कि योग शिविर, जीवन पद्धति में सुधार, तनावमुक्त जीवन शैली के लिए श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में लगाकर लोगों को लाभन्वित किया जाएं।

# ताइक्वांडो और शतरंज स्पर्धा के साथ क्षेत्रीय खेलकूद दिवस का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय विद्यालय में क्षेत्रीय खेल-कूद दिवस के समापन समारोह का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केंद्रीय विद्यालय में 25 अप्रैल को क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस कुछ इस प्रकार रहा । इस दिन ताइक्वांडो, जूडो और शतरंज की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना शत प्रतिशत दिया। खिलाड़ियों ने बड़े उमंग उत्साह और जोश के साथ सारी प्रतियोगिताओं को पूर्ण किया इन खेलों के लिए प्रमुख तौर पर निर्णायक मंडलों को आमंत्रित किया गया था, तो कुल मिलाकर कह सकते हैं कि इस प्रतियोगिता का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपूर्ण हुआ। 26 अप्रैल को तृतीय दिवस की शुरुआत ताइक्वांडो और शतरंज के खेल से हुई इस दिन प्रत्येक खेल के अंतिम चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केपी चंद्रवंशी एडिशनल सेंट्रल लीडर इंटक, एनटी पीसी थे। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य श्री सुनील कुमार साहू जी का भी स्वागत किया गया। समारोह के आरंभ में संचालक चंदा कुमारी द्वारा क्षेत्रीय खेलकूद दिवस के आयोजन, उद्देश्य और तीन दिनों की गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कैसे इन खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। तत्पश्चात एक प्रेरणादायक गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे अशोक देवांगन एवं श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने स्वरबद्ध किया। इस गीत ने सभी उपस्थितों को उत्साह और जोश से भर दिया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कुछ प्रतिभागियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस आयोजन ने उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और मित्रता की भावना सिखाई। दर्शकों ने उनके अनुभवों को तालियों से सराहा।

### कुसमुंडा में भी खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 एसईसीएल कुसमुंडा में 54वां संभागीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। खो-खो प्रतियोगिता के अंतर्गत आयु वर्ग 14 और 17 के अंतर्गत 13 टीम एवं लगभग 164 विद्यार्थियों ने अपनी खेलकूद प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य और उपप्राचार्य का पुष्प देकर स्वागत किया गया। आयु वर्ग 14 के अंतर्गत फाइनल मैच पीएम केंद्रीय विद्यालय धमतरी और पीएम केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर के बीच में हुआ जिसमें पीएम केंद्रीय विद्यालय धमतरी ने 14 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और पीएम केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर ने 11 नंबर अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरीके से आयु वर्ग 17 के अंतर्गत पीएम केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर और पीएम केंद्रीय विद्यालय रायपुर नंबर एक द्वितीय पाली के बीच में फाइनल मैच हुआ। जिसमें पीएम केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर 23 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। पीएम केंद्रीय विद्यालय रायपुर नंबर एक द्वितीय पाली 15 अंक प्रात कर द्वितीय स्थान पर रही। फाइनल मैच में निर्णायक रेफरी गजेंद्र, शेखर, विवेकानंद गोपाल, प्रदीप, रविंदर, शंकर, रविंद्र ध्रुव, एस वर्मा, पार्वती और दिनेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समापन समारोह में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायपुर नंबर 1 द्वितीय पाली के विद्यार्थी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहाँ की व्यवस्था बढ़िया थी।



# पूर्व गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र पीसीसीएफ पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर एक बार फिर से सूर्खियों में हैं। अबकी बार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने प्रधान मुख्य वनसंरक्षक श्रीनिवास राव पर कांग्रेस का एजेंट बनकर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कैम्पा योजना में भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। इसके साथ 1628 वनरक्षकों की भर्ती में किए गए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने की मांग की है।


ननकीराम।

पूर्व विधायक ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि कैम्पा योजना के मुख्य पद पर रहते हुए श्रीनिवास राव ने केन्द्र सरकार के बजट एवं दिशा निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने करीबी रिश्तेदारों एवं चहेतों को मनमर्जी तरीके से कई 100 करोड़ का काम दिया, जिसमें बाजार दर से अधिक दर पर निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति के साथ स्तरहीन कार्य कराया। इसके अतिरिक्त अधिकतर दूरस्थ स्थानों पर कार्य के नाम पर आवंटन का अगर सत्यापन किया जाएगा, तो यहां कार्य होना ही नहीं पाया जाएगा। इसके अलावा श्री कंवर ने वनरक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए बताया कि राज्य में वन रक्षकों (फारेस्ट गार्ड) की भर्ती के लिए लगभग 15 सौ पदों पर नवम्बर 2024 से दिसम्बर 2024 के बीच फीजिकल टेस्ट विभिन्न वन मंडलों में किया गया।

4 लाख 25 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण डीएफओ बालोद, सरगुजा, महासमुंद समेत अन्य ने लिया, जो 16 नवंबर 2024 से प्रारंभ होकर 17 दिसम्बर 2024 तक मंडलवार अलग-अलग तिथियों में संपन्न हुआ। राज्य शासन के शारीरिक क्षमता परीक्षा सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच पर्याप्त रोशनी में कराई जाने के निर्देश के बावजूद कुछ जिलों में कृत्रिम प्रकाश में यह कार्रवाई नियम विरुद्ध की गई।

### दिन भर तपाने के बाद शाम को मिली राहत

**बिलासपुर।** प्रदेश में शनिवार को सर्वाधिक 43.2 डिग्री अधिकतम तापमान शहर का दर्ज किया गया। पूरे दिन सूरज की तपिश से लोग हलाकान होते रहे, लेकिन इस बीच पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के प्रभाव से आसमान में छाई बदली से दोपहर बाद कुछ राहत मिली। शाम पांच बजे के बाद शहर में तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई। शहर में मौसम का मिजाज शनिवार को नरम-गरम रहा। सुबह से शाम चार बजे तक आसमान में तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान भी 43.2 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। इधर पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर एक गर्त के रूप में होने एवं तेलंगाना व मन्नार की खाड़ी तक एक द्रोणिका के प्रभाव से आसमान में बादल छाने लगे थे। शाम चार बजे के बाद शहर में तेज हवाएं चलने लगीं थी।

प्रो0नं0-88/25 प्रकरण कमांक 06/2025
पेशी तारीख 09.05.2025

**आम ईश्तहार/नोटिस**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा (छ.ग.)**

श्रीमती आशा राठौर व अन्य ....आवेदिकागण
बनाम
सिटी बैंक व अन्य ......अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदक श्रीमती आशा राठौर व अन्य के द्वारा सिटी बैंक व अन्य के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1995 के तहत आशीष राठौर (मृत्यु दिनांक 27. 11.2020) द्वारा शाखा प्रबंधक सिटी बैंक सिकंदराबाद (हैदराबाद), शाखा बेगमपेट, तेलंगाना के खाता कमांक 5339424554 की राशि 7,40,000/- (सात लाख चालीस हजार रूपये मात्र) तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रबंधक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, 4 भविष्य निधि भवन 3, 763 बरकतपुरा, नारायणगुडा, हैदराबाद (तेलंगाना) पिन-500029 पता द्वारा क्षेत्रीय कर्यालय रायपुर ब्लॉक-डी स्कीम ए 32 इंदिरा गांधी व्यसवसायिक परिसर पंडरी रायपुर (छ.ग.) पिन 492004 के खाता में पीएफ फंड की राशि 7,50,000/- (सात लाख पचास हजार रूपये मात्र) जिसका यू.ए.एन.नं.-100556112263 मय बोनस को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की आगामी दिनांक 09.05.2025 की तिथि नियत है। अतः अनावेदकगण, (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो), को उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 26/04/25 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**न्यायाधीश (शीलू सिंह)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर



नि:संतान दंपत्तियों के लिए
उम्मीद की नई किरण
प्रक्रिया शुल्क मात्र
70,000/-
उपलब्ध सुविधाएं :-
फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
9752435827
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.)

## कोरबा मार्केट




अग्रवाल एजेंसी
कोरबा रोड कटघोरा
99263 62800
98930 06380

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप



### हुनर और कौशल निखारने छात्र ले रहे इंटर्नशिप प्रशिक्षण

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतोरा के प्राचार्य मती राजकुमारी गिडवानी, व्यवसायिक प्रशिक्षक नुकेश कुमार फरिकार (हेल्थ केयर) के मार्गदर्शन से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पंतोरा (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंतोरा) में कक्षा 11वी और 12वी के विद्यार्थी इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षण ले रहे हैं। विद्यार्थी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य पूर्ण करते हैं तथा आसपास के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इंटर्नशिप,ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, अस्पताल के कार्यप्रणाली, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, मलहम पट्टी करना, सूई लगाना, गर्भवती माताओं को मिलने वाली सुविधाओं, प्रसव सम्बंधी जॉच, खून जॉच और अन्य स्वास्थ्य संबंधित अनेक जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। उक्त कड़ी में विद्यार्थियों को सीखने जानने में अस्पताल के टीम का पूर्ण सहयोग समर्थन प्राप्त होता है।

### विकासखंड स्तरीय एफएलएन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**कोरबा।** कर्मचारी भवन अंधरीकछार में विकासखंड स्तरीय एफएलएन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक शाला में अध्यनरत कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों में भाषाई कौशल एवं संख्यात्मक ज्ञान की प्रवीणता पर दक्षता आधारित विगत कई माह से लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसमें थीम आधारित शिक्षा नवाजतन, विषय मित्र तथा एफएलएन टीएलएम मेला का आयोजन किया गया था। श्रीमती किरणलता शर्मा एफएलएन प्रभारी डाइट के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक प्रभारी एसआरजी ज्योति श्रीवास एवं उनकी टीम ने इन सभी अवसरों पर जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया। जनप्रतिनिधि पार्षद नरेंद्र देवांगन ने मेले में बच्चों को बच्चों को ही सीखते सिखाते देखा तो वो बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल से प्रभावित होकर 20 हजार की राशि टीम को सम्मान समारोह हेतु प्रदान किए। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले 59 शिक्षकों 90 बच्चों 9 डीआरजी तथा एसआरजी को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### महापौर ने प्रतिभागियों का किया सम्मान



**कोरबा।** उड़ीसा के जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी जगन्नाथपुरी में आयोजित आल इंडिया उड़ीसा फेस्टिवल आर्ट एंड कल्चर में जिले के प्रतिभागियों को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिभा में और अधिक उत्तरोत्तर वृद्धि हों तथा वे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए कोरबा का नाम रोशन करें। सामूहिक छत्तीसगढ़ी गीत की प्रतियोगिता में सेंट विसेंट पालोटी स्कूल के विराट सिंह राठौर अपनी उत्कृष्ट गायन कला का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद लोगों में आक्रोश

# सड़क पर उतरा मुस्लिम समाज, कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का जताया विरोध





प्रदर्शन करते हिंदू एवं मुस्लिम समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के मुस्लिम समाज ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। गुरुवार की शाम 7:00 बजे नमाज के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने टीपी नगर मस्जिद से टी.पी नगर चौक तक मौन जुलूस व कैंडल मार्च निकाला और आतंकवाद का पुतला दहन किया।

**खास बात**

- दीपका गेवरा में हिन्दू व मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

इस रैली में सुन्नी मुस्लिम जमात, मेमन जमात, मरकज़ी सीरत कमेटी, इत्तेहाद कमेटी, यंग मेमन कमेटी, और सभी मस्जिदों की कमेटी के पदाधिकारी और सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और पाकिस्तान की हरकतों की निंदा की। वहीं दीपका व गेवरा में भी हिंदू और मुस्लिम समुदाय ने कश्मीर में हुई आतंकी घटनाओं के विरोध में एकजुटता दिखाई। हिंदू संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्दोष नागरिकों पर हुए हमलों की निंदा की। उन्होंने आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कानूनी ढांचे की मांग की। मुस्लिम समाज ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर और काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। हाफिज रिजवान के नेतृत्व में समाज ने दोषियों को मौत की सजा की मांग की। नगर पालिका दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत की अगुवाई में तहसीलदार अमित किरकट्टा को ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधनों की मांग की। मुस्लिम समाज ने स्पष्ट किया कि वे देश में अमन और शांति चाहते हैं। उन्होंने इस घटना को देश की एकता को तोड़ने की साजिश बताया। समाज ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। दोनों समुदायों ने इस संवेदनशील समय में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

### पाकिस्तान विरोधी लगे नारे, पुतले का दहन

कोरबा। कश्मीर में पर्यटकों पर हुए हमले के विरोध में प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन और पुतला दहन कर लोग आक्रोश जाहिर कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीपी नगर चौक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरीफ मोहम्मद ने कहा कि पर्यटकों पर जिस तरह से आतंकी हमला हुआ उसका भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा निंदा करता है। ऐसी किसी भी घटनाओं को भारत सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी और उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कबाड़ चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी मिली है। शांतिनगर बाकीमोंगरा निवासी दिलीप कुमार सूर्यवंशी (49 वर्ष) ने थाना कटघोरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एसईसीएल बगदेवा परियोजना में स्थापित बीएसएनएल टावर और वर्कशॉप से कीमती सामान चोरी हो गया है। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर त्वरित जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों में विकास टंडन पिता देवप्रकाश टंडन उम्र 20 वर्ष निवासी दर्री निलगिरी थाना, रामसाय पिता फागुराम उम्र 19 वर्ष निवासी लेमरु कपुरवा थाना लेमरू, विजय मंझवार पिता हरन सिह मंझवार उम्र 22 वर्ष निवासी गढ़उपरोड़ा थाना लेगरु को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें बीएसएनएल टावर में लगे लोहे के एंगल, वर्कशॉप से चोरी किए गए रॉड, प्लेट, नट-बोल्ट सहित अन्य लोहे का सामान शामिल है। साथ ही आरोपियों के पास से एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 6806 भी जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- एसईसीएल बगदेवा परियोजना में बीएसएनएल टावर व अन्य कीमती सामान पर किया हाथ साफ
- पुलिस ने शिकायत पर 10 क्विंटल कबाड़ किया जब्त

### निगम ने जब्त की आठ अवैध टुल्लू पंप

**कोरबा।** नगर निगम की टीम ने वार्ड क्रमांक 42, 43, एवं 46 देहांपरा, बेलगिरी बस्ती एवं कैलाशनगर राम मंदिर के पीछे कई जगहों पर पानी चेक किया। इस दौरान अवैध रूप से कनेक्शन कर पंप के जरिए पानी लेने का मामला सामने आया, जिसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए निगम अमल ने 8 नग टिल्लू पंप जब्त किया है।

# जंगली सुअर के हमले में ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम फुलसरी में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव के ही रहने वाले 56 वर्षीय बंधु राम कंवर पिता नोहरी कंवर की जंगली सुअर के हमले में मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब वे रोज की तरह सुबह गांव के पास स्थित जंगल में किसी काम से गए हुए थे।

ग्रामीणों और परिजनों ने जब तक उन्हें देखा, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। वहीं, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फुलशरी गांव के आसपास के जंगलों में अक्सर ग्रामीण लकड़ी, चारा या अन्य काम से जाते रहते हैं। शनिवार सुबह बंधु राम कंवर भी गांव के पास जोगिन जंगल (कक्ष क्रमांक पी-1116) में गए थे। इसी दौरान जंगल में घात लगाए बैठे जंगली सुअर ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सुअर ने उन्हें काफी दूर तक घसीटा और बुरी तरह घायल कर दिया। शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। परिजन और ग्रामीण बार-बार यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक लोग इस तरह वन्यजीवों के हमले में अपनी जान गंवाते रहेंगे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया था। पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। साथ ही, नियमानुसार मुआवजा प्रकरण बनाकर जल्द सहायता राशि स्वीकृत कर दी जाएगी। इसके अलावा, इलाके में वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए गश्ती दल बढ़ाने और कैमरा ट्रैप लगाने की भी तैयारी की जा रही है।



मृतक।

### वन विभाग से मुआवजा देने की मांग

ग्रामीणों ने वन विभाग से मृतक के परिवार को तत्काल मुआवजा राशि देने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस उपाय करने की मांग की है। लोगों ने यह भी बताया कि अगर वन विभाग समय रहते गश्त बढ़ाता और इलाके में वन्यजीवों की निगरानी करता, तो ऐसी घटना टाली जा सकती थी।

### लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाएं

कोरबा जिले सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवरों की आवाजाही से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर सुअर, तेंदुआ, भालू और जंगली हाथी के हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले ही पास के एक गांव में एक किसान के खेत में सुअर ने फसल को नुकसान पहुंचाया था। अब इंसान की मौत की यह खबर जंगल और गांव के बीच संतुलन की चिंता को और गहरा कर रही है।

### ग्रामीणों ने दी सूचना, वन विभाग की टीम पहुंची

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी और वन अमला घटनास्थल पर पहुंचा और पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से इलाके में जंगली सुअरों, तेंदुए और अन्य वन्य प्राणियों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। कई बार मवेशियों और फसलों को नुकसान पहुँचाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब इंसान पर हमला कर जान लेने की यह पहली घटना है, जिसने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है।

# मृतक के मोबाइल में पुलिस को मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाबालिग के सुसाइड के मामले में नया खुलासा हुआ है। मृतक के मोबाइल में पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने प्रताड़ना की बात लिखी है। पुलिस ने मामले में नए एंगल से जांच शुरू कर दी है। दरअसल शहर के पंप हाउस झोपड़ीपारा में गुरुवार को एक 17 वर्षीय किशोर शुभम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले उसने अपने मोबाइल में एक सुसाइड नोट लिखकर तीन युवकों शुभम तिवारी, आशीष कदम व एक अन्य को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। ये लोग उसे परेशान कर रहे थे, जीना हराम कर दिए, इधर-उधर जाना बंद कर दिए हैं, ऐसा लेख सुसाइड नोट में लिखा जाना बताया गया है। शुभम के पिता मुकेश कुमार साहू ने कहा कि उसका बेटा जानवरों से बहुत प्यार करता था और पैट शॉप में काम करता था, जहां वह डॉग, कैट, बड्र्स और फिश का भी देखभाल करता था। मृतक के पिता का कहना है कि शुभम ने मोबाइल में सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने तीन युवकों द्वारा लगातार परेशान किए जाने का जिक्र किया है। शुभम ने सुसाइड नोट में लिखा ये लोग मुझे परेशान कर रहे हैं। सुसाइड नोट में शुभम तिवारी और आशीष कदम के नाम सामने आए हैं। पुलिस वाला सुसाइड नोट जल्दी-जल्दी पढ़े जाने के कारण वह तीसरे युवक का नाम नहीं सुन पाया। पिता ने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूछताछ में पता चला है कि मामला पैसों के लेन-देन से जुड़ा है। उसके चेक को लेकर उसे ब्लैकमेल करते थे। हालांकि अभी तक सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल सीएसईबी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक का दो मोबाइल जब्त कर लिया है जो उसके कमरे में बिस्तर और मृतक के पहने हुए पैंट की जेब से मिला था और सुसाइड नोट की जांच की जा रही है।

**खास बात**

- नाबालिग को किया जा रहा था प्रताड़ित



घटना स्थल की जांच करती पुलिस।

### दुकान संचालको को दी गई हिदायत

**कोरबा।** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम व यातायात पुलिस ने सुनालिया चौक से सीएसईबी चौक तक दुकान संचालकों को दुकानों का सामान बाहर नहीं रखने की हिदायत दी। दुकान संचालकों को समझाया जा रहा है, अगर फिर भी दुकानदार नहीं माने तो आगे सामान जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।







# अंबिका ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में कोयला उत्खनन के खुले मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तहसील कार्यालय पाली में अनुविभागीय अधिकारी, पाली के अध्यक्षता में एसईसीएल प्रबंधन एवं भू-स्वामियों ग्रामीणों के मध्य त्रिपक्षीय वार्ता हुई। त्रिपक्षीय वार्ता में ग्रामीणों के रोजगार शीघ्र देने की मांग की गई एवं राजस्व त्रुटि, बिलो कट आफ मुआवजा, पुनर्वास से संबन्धित समस्याएं सामने रखी गई। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी पाली के द्वारा निर्धारित समायावधि में रोजगार देने के निर्देश दिये। उन्होंने अन्य समस्याओं के लिए दो दिन का शिविर आयोजन करने का निर्देश दिया। जिससे ग्रामीणों के समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उपक्षेत्रीय प्रबन्धक, अंबिका प्रोजेक्ट के द्वारा तत्काल उक्त निर्देश का पालन करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कोरवा क्षेत्र से चर्चा कर, ग्राम करतली में 28 से 29 अप्रैल तक शिविर आयोजन कर समस्याओं का निराकण करने का निर्देश दिया। सरपंच ज्योतिष के द्वारा पुनवसि की राशि बढ़ाने, तालाब की गहरीकारण, पेयजल, देवालय एवं स्कूल विस्थापन की मांग रखी। अध्यक्ष के द्वारा सीएसआर मद से समुचित कार्य कराने की बात कही। उपक्षेत्रीय प्रबन्धकद्वारा क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा क्षेत्र के मार्गदर्शन में अंबिका परियोजना को यथा शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए आश्वस्त किया गया। वार्ता के अंत में जल्द से जल्द अंबिका परियोजना को प्रारम्भ करने पर सहमति दी गई। त्रिपक्षीय वार्ता में पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम,विधायक प्रतिनिधि कुलदीप सिंह मरकाम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, एसईसीएल प्रबंधन, उपक्षेत्रीय प्रबन्धक, अंबिका प्रोजेक्ट, खान प्रबन्धक, अमला अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल कोरबा क्षेत्र तथा ग्राम करतली से सरपंच ज्योतिष एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**खास बात**

- त्रिपक्षीय वार्ता में भूविस्थापितों व प्रबंधन के बीच बनी सहमति







